14.09 Hrs.

लोक सभा 1409 बजे भोजनावकाश के उपरान्त पुनः समवेत् हुई।

(SMT.MARGARET ALVA in the Chair)

Title: Regarding power and water problems in Delhi.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : सभापति महोदया, दिल्ली शहर में पूरी रात बिजली गुल रही है। सिर्फ सांसदों का इलाका ही नहीं, पूरे दिल्ली शहर में बिजली के गुल रहने से पानी भी किसी के आवास में नहीं आ सका। सदन में माननीय सदस्य बहुत लेट बैठते हैं।

हम आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृट करना चाहते हैं कि इस मामले में कार्यवाही करनी चाहिए और दिल्ली सरकार को यहां से कोई निर्देश देने चाहिए कि बिजली की व्यवस्था दिल्ली में सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को कठिनाई न हो। यहां उद्योग-धंधे हैं, देहात के लोग यहां रोजी-रोटी के लिए आते हैं, उन्हें भी बिजली के अभाव में काफी परेशानी हो रही है और पानी भी नहीं मिल रहा है।

सभापति महोदय : संसदीय कार्य मंत्री जी को थोड़ा देखना है कि एमपीज को कोई दिक्कत न हो जाए।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोा कुमार गंगवार) : इस समस्या की जानकारी सुबह से ही हो रही है। मैं आवश्यक कार्रवाई तुरंत करवाऊंगा।

â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप सुनिये, पावर मंत्री जी उत्तर दे रही हैं।

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती जयवंती मेहता) : सभापति जी, दिल्ली की सम्माननीय मुख्य मंत्री जी विद्युत मंत्रालय आई थीं। हमारे माननीय मंत्री सुरेश प्रभु जी से मिली थीं। उन्होंने दिल्ली के लिए 100 मैगावाट अधिक बिजली की मांग की और केन्द्र सरकार की तरफ से 100 मैगावाट अधिक बिजली देने का वादा किया। मगर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का जो काम है वह दिल्ली सरकार करेगी। यह बात सही है कि गर्मी के दिनों की वजह से पानी और बिजली की काफी तकलीफ हो रही है लेकिन केन्द्र सरकार ने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाई है। इतना ही मुझे कहना है।

श्री प्रभुनाथ सिंह : आप बैठे हुए हैं, आप दिल्ली की सरकार को कहिये, हम गर्मी से परेशान हैं।

MR. CHAIRMAN : We are not having a discussion on that.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister is replying to it. You have raised a question. When the hon. Minister is replying, please listen to her.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Madam, he is addressing me. I do not understand it. He has raised the matter. The hon. Minister has responded to it. But he is addressing that issue to me....(*Interruptions*) Have I got any right to reply? ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: We are not discussing the issue. We are going to taking up Matters under Rule 377.

...(*Interruptions*)

SHRI G.M. BANATWALLA (PONNANI): Madam, I am just on a point of information. We understand that the hon. Finance Minister is to make a statement. We have been waiting for it all the time. If we can be told the about the time when the hon. Finance Minister would make a statement regarding that scam or whatever it is, that will be a matter of convenience.

MR. CHAIRMAN: Can I just respond to that? I believe that the statement is being made at five of the Clock today.

We are now taking up Matters under Rule 377.

_____________-

14.13 hrs.